दिन– गुरुवार दिनांक– 10 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य में विभिन्न चरणों में प्रक्रियाधीन और संविदा नियुक्तियों में भी महिला आरक्षण में डोमिसाइल नीति लागू होगी।

02. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक आज। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे प्रदेश का प्रतिनिधित्व।

03. पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरी के चार सौ तीन पदों के लिए हुये उपचुनाव में इकतालीस प्रतिशत मतदान। कल होगी मतगणना।

04. और, देहरादून में खेली जा रही राष्ट्रीय जूनियर रग्बी प्रतियोगिता के बालिका वर्ग के फाईनल में बिहार ने ओडिशा को हराकर जीता स्वर्ण।

————————————————————

राज्य में विभिन्न चरणों में प्रक्रियाधीन और संविदा नियुक्तियों में भी प्रदेश की मूल निवासी महिलाओं को पैंतीस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में एक लाख इक्यावन हजार पांच सौ उनासी पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। इन पदों पर नियुक्ति में भी प्रदेश की महिलाओं को पैंतीस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ मिलेगा।

————————————————————

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज रांची में सत्ताईसवीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के सत्तर प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक में बिहार का प्रतिनिधित्व करने पहुंचे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा है कि इस दौरान बिहार के बंटवारे के बाद उत्पन्न विवादित मामलों को दूर करने समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की जायेगी।

———बाईट———

————————————————————

प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम सुचारू रूप से जारी है। अब तक चार करोड़ तिरेपन लाख से अधिक गणना प्रपत्र एकत्र किये जा चुके हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार यह संख्या कुल मतदाताओं का सत्तावन दशमलव चार–आठ प्रतिशत है। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार कल तिरासी लाख बारह हजार से अधिक गणना प्रपत्र एकत्र किये गये हैं। आयोग ने कहा है कि यदि यही गति बनी

रही तो शेष प्रपत्र को निर्धारित समय सीमा पच्चीस जुलाई से पहले ही एकत्र कर लिया जाएगा। आयोग ने अस्थाई रूप से माईग्रेटेड मतदाताओं से गणना प्रपत्र को वेबसाइट से डाउनलोड कर अपने पारिवारिक सदस्यों के माध्यम से या वॉट्सएप जैसे ऑनलाइन माध्यम से अपने बीएलओ को भेजने की अपील की है।

——————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय आज मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के खिलाफ दायर विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति सुधांशु धुलिया और न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। गौरतलब है कि ए. डी.आर समेत कई संस्थाओं और राजद के सांसद मनोज झा ने एस.आई.आर. के खिलाफ याचिका दायर की है।

——————————————————————————

पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरी के रिक्त चार सौ तीन पदों के लिए कल हुये उपचुनाव में इकतालीस प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें महिलाओं ने चौवालीस प्रतिशत जबकि पुरूषों ने सैंतीस दशमलव छह सात प्रतिशत मतदान किया। उपचुनाव के लिए मतों की गणना कल होगी।

——————————————————————————

पंचायत प्रतिनिधियों और पंचायती राज विभाग के कर्मचारियों के क्षमता संवर्द्धन के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी। इसके लिए पंचायती राज विभाग ने सी–थ्री संस्था के साथ समझौता किया है। विभागीय निदेशक प्रशांत कुमार सी.एच. और सी. थ्री की कार्यकारी निदेशक डॉक्टर अपराजिता गोगोई ने इस संबंध में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इस मौके पर विभागीय मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि इस समझौते से पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

——————————————————————————

केन्द्र सरकार ने दिव्यांगजनों को कौशल विकास योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने कहा है कि आधार कार्ड नहीं होने पर लाभार्थी को आधार के लिए आवेदन करने का प्रमाण पत्र देना होगा। मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार योजना के तहत नकद लाभ प्राप्त करने के लिए आधार प्रामाणिकरण आवश्यक है। गौरतलब है कि मंत्रालय ने दो जुलाई से आधार की अनिवार्यता लागू कर दी है।

——————————————————————————

भारतीय रेल ने वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस की पहली तिमाही में नौ हजार से ज्यादा नियुक्ति पत्र जारी किये हैं। रेलवे ने कहा है कि जारी वित्त वर्ष के अंत तक पचास हजार से ज्यादा नौकरियों के प्रस्ताव दिये जाएंगे। और ब्योरा हमारे संवाददाता से –

–––कट–––

रेलवे भर्ती बोर्ड ने नवंबर 2024 से अब तक कुल 55,197 रिक्तियों की भर्ती को कवर करते हुए सात अलग–अलग अधिसूचनाओं में एक करोड़ 86 लाख से अधिक उम्मीदवारों के लिए कंप्यूटर–आधारित परीक्षाएं आयोजित की हैं। बड़े पैमाने पर ली जा रहीं परीक्षाएं, एक व्यापक भर्ती कैलेंडर का हिस्सा हैं और 2024 से अब तक एक लाख आठ हजार रिक्तियों की घोषणा की जा चुकी हैं। रेलवे अगले वित्त–वर्ष में अपने भर्ती प्रयासों का विस्तार करने की भी योजना बना रहा है, जिसमें वित्त–वर्ष 2026–27 में 50,000 और नियुक्तियां होने की उम्मीद है।

इस तरह बड़े पैमाने पर कंप्यूटर–आधारित परीक्षा आयोजित कराना एक जटिल प्रक्रिया है। उम्मीदवारों के लिए इस प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए, रेलवे ने उम्मीदवारों के निवास स्थान के नजदीक परीक्षा केंद्र आवंटित किए हैं। महिला और दिव्यांग उम्मीदवारों को विशेष वरीयता दी गई है।

परीक्षा में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए, रेलवे ने उम्मीदवारों के सत्यापन के लिए आधार–आधारित ई–केवाईसी प्रमाणीकरण शुरू किया है । रेल मंत्रालय ने इस डिजिटल पहचान सत्यापन प्रणाली के कार्यान्वयन में 95ः से अधिक की सफलता दर की सूचना दी है। इसके अतिरिक्त, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से नकल रोकने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक जैमर की शत–प्रतिशत तैनाती सुनिश्चित की गई है।

————————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता में कमी आने से राज्य के अधिकांश भागों में अल्प वर्षा की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गयाजी को छोड़कर अधिकतर जिलों में अब तक सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गयी है। इधर, देर रात मौसम में अचानक आये बदलाव के कारण राजधानी पटना और आस–पास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गयी। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज जमुई, औरंगाबाद, गयाजी, रोहतास, नवादा और बांका समेत राज्य के दक्षिणी भागों में विभिन्न स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है।

–––बाईट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान गोपालगंज लगातार दूसरे दिन राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, यहां का अधिकतम तापमान उनतालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

————————————————————————————

पड़ोसी देश नेपाल और पड़ोसी राज्य में हो रही भारी बारिश के चलते गंगा समेत अन्य नदियों के जलस्तर में कई स्थानों पर बढ़ोतरी हुई है। केन्द्रीय जल आयोग के रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना के दीघा घाट और गांधी घाट पर गंगा नदी के जलस्तर में लगभग बीस सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है। वहीं, गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में चेतावनी स्तर को पार कर गया है।

नदी खतरे के निशान से बयालीस सेंटीमीटर नीचे बह रही है। बढ़ते जलस्तर के कारण नदी के आस–पास के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है।

————————————————————————

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत नदियों के पुनरूद्धार के लिए सभी हितधारकों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। श्री पाटिल नई दिल्ली में स्मार्ट नदी प्रबंधन पर चर्चा के लिए आयोजित उच्च–स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक के दौरान नदियों के पुनरुद्धार के लिए महत्वपूर्ण नदी प्रणालियों में नवाचारों को व्यापक बनाने और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग पर भी चर्चा हुई।

————————————————————————

प्रदेश में बालू की अवैध बिक्री और ढुलाई की शिकायत मिलने के बाद खान एवं भू–तत्व विभाग ने पटना और अरवल जिले में जांच और कार्रवाई बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। विभाग ने कहा है कि बालू के स्टॉकधारी सेकेंडरी लॉडिंग केन्द्रों पर भी जमा और बेचे जा रहे बालू की जांच की जायेगी। गौरतलब है कि प्रदेश में मॉनसून के दौरान पन्द्रह अक्टूबर तक नदियों से बालू की निकासी पर रोक लगा दी गयी है।

————————————————————————

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के तहत देशभर में पैंतालीस हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाएगा। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस पर छिहत्तर हजार करोड़ रूपये खर्च होंगे।

———बाइट———

इससे पहले, केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ने पटना में मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण समेत केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की उच्च स्तरीय समीक्षा की। समीक्षा बैठक में राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी और सांसद संजय जायसवाल भी मौजूद थे।

————————————————————————

प्रदेश के तीन सौ प्रखंडों में प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन का निर्माण किया जायेगा। भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने विभागीय बैठक में कहा कि दो सौ चालीस प्रखंडों में जर्जर भवनों का पुर्निर्माण किया जायेगा। साथ ही साठ भवनहीन प्रखंडों में अंचल भवन बनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण के लिए दो सौ छिहत्तर प्रखंडों में मिट्टी की जांच और कन्ट्रोल मैपिंग की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही जमीन उपलब्ध करा दी गयी है। सचिव ने कहा कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय और

आवासीय परिसर निर्माण के लिए प्रति प्रखंड तीस करोड़ चौहत्तर लाख रूपये मंजूर किये गये हैं।

———————————————————————

राजधानी पटना के ज्ञान भवन में कल से दो दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि आरोग्य पर्व के नाम से आयोजित मेले में एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी और योग जैसी सभी प्रमुख चिकित्सा पद्धतियों के अलग–अलग काउंटर स्थापित किये जायेंगे। इस दौरान पात्र व्यक्ति आयुष्मान कार्ड और वय वंदना कार्ड भी बनवा सकते हैं। इसके लिए राशन कार्ड और आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

———————————————————————

उत्तराखंड के देहरादून में खेली जा रही जूनियर राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में बिहार ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। फाईनल मुकाबले में बिहार की टीम ने ओडिशा को चौदह–पांच से मात दी। बिहार टीम की कप्तान अल्पना कुमारी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुये दस अंक बनाये जबकि सलोनी ने चार अंक प्राप्त किये। बिहार टीम की इस सफलता पर रग्बी एसोसिएशन, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और अन्य खेल संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने महागठबंधन की ओर से आयोजित बिहार बंद की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने राहुल गांधी के बयान के हवाले से लिखा है– बिहार में वोट छीनने की कोशिश।

दैनिक जागरण ने इसी खबर का शीर्षक लगाया है – मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ सड़क पर उतरा विपक्ष।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– रांची हाईकोर्ट में याचिका मंजूर, चारा घोटाले में लालू की सजा बढ़ाने पर अब होगी सुनवाई।

प्रभात खबर ने गोपाल खेमका हत्याकांड पर लिखा है– स्पीडी ट्रायल से आरोपियों को सजा दिलायेगी पुलिस।

आज अखबार की सुर्खी है – आयुर्वेद कॉलेजों में अट्ठासी सहायक प्राध्यापकों की होगी नियुक्ति।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष में उगाई मेथी और मूंग।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य में विभिन्न चरणों में प्रक्रियाधीन और संविदा नियुक्तियों में भी महिला आरक्षण में डोमिसाइल नीति लागू होगी।

02. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक आज। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे प्रदेश का प्रतिनिधित्व।

03. पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरी के चार सौ तीन पदों के लिए हुये उपचुनाव में इकतालीस प्रतिशत मतदान। कल होगी मतगणना।

04. और, देहरादून में खेली जा रही राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता के बालिका वर्ग के फाईनल में बिहार ने ओडिशा को हराकर जीता स्वर्ण।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।